**पत्रांक–7/पद सृजन–15–02/2021(खंड)सा0प्र0 11663/**

**बिहार सरकार**

**सामान्य प्रशासन विभाग**

प्रेषक, गुफ़रान अहमद,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

पटना–15, दिनांक 01.10.2021

विषयः– **माननीय उच्च न्यायालय के रजिस्ट्री हेतु मेंबर सेक्रेटरी, बिहार स्टेट कोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम कमिटी, ऑफिसर ऑन स्पेशल डयूटी (इंफ्रास्ट्रक्चर) एवं डिप्टी रजिस्ट्रार (आई0टी0) के एक–एक पद कुल–3 पदों को बिहार सुपीरियर जुडिशियल सर्विस के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के समकक्ष उत्क्रमित करने तथा डिप्टी रजिस्ट्रार (आई0टी0) के पदनाम को संयुक्त निबंधक (आई0टी0) करने की स्वीकृति के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि महानिबंधक, उच्च न्यायालय, पटना के पत्रांक–36693 दिनांक 26.08.2021 द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के रजिस्ट्री हेतु मेंबर सेक्रेटरी, बिहार स्टेट कोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम कमिटी, ऑफिसर ऑन स्पेशल डयूटी (इंफ्रास्ट्रक्चर) एवं डिप्टी रजिस्ट्रार (आई0टी0) के एक–एक पद कुल–3 पदों को बिहार सुपीरियर जुडिशियल सर्विस के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के समकक्ष उत्क्रमित करने तथा डिप्टी रजिस्ट्रार (आई0टी0) के पदनाम को संयुक्त निबंधक (आई0टी0) करने की अनुशंसा व्यय विवरणी एवं पदों के चयन की अर्हता के साथ संसूचित की गयी।

2. तद्‌लोक में महानिबंधक, उच्च न्यायालय, पटना के उक्त पत्र के साथ संलग्न व्यय विवरणी में अंकित पद संवर्ग के सम्मुख वेतनमान में ₹ 54,46,743/– (चौवन लाख छियालीस हजार सात सौ तैंतालीस रुपये) मात्र के वार्षिक व्यय तथा न्यायिक सेवा सवर्गों में समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत भत्तों के अनुमानित व्यय भार पर गैर योजना मद में स्थायी रूप से माननीय उच्च न्यायालय के रजिस्ट्री हेतु मेंबर सेक्रेटरी, बिहार स्टेट कोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम कमिटी, ऑफिसर ऑन स्पेशल डयूटी (इंफ्रास्ट्रक्चर) एवं डिप्टी रजिस्ट्रार (आई0टी0) के एक–एक पद कुल–3 पदों को बिहार सुपीरियर जुडिशियल सर्विस के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के समकक्ष उत्क्रमित करने पर तथा डिप्टी रजिस्ट्रार (आई0टी0) के पदनाम को संयुक्त निबंधक (आई0टी0) करने तथा प्रशासी पदवर्ग समिति का अनुमोदन संयुक्त निबंधक (आई0टी0) के उत्क्रमित पद के विरूद्ध मात्र बिहार सुपीरियर जुडिशियल सर्विस के पदाधिकारी के पदस्थापन की स्थिति में ही संबद्ध वेतनमान अनुमान्य होगा, के शर्तों के अधीन दिया गया है। उक्त पर स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3. उपर्युक्त सृजित किये जाने वाले पदों का व्यय–बजट शीर्ष वही होगा, जो पटना उच्च न्यायालय में पदस्थापित न्यायिक पदाधिकारियों के लिए होगा।

4. इसमें प्रशासी पदवर्ग समिति की स्वीकृति एवं मंत्रिपरिषद् का अनुमोदन प्राप्त है।

अनुलग्नकः–व्यय विवरणी।

बिहार राज्यपाल के आदेश से
ह0/–
**(गुफ़रान अहमद)**
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–7/पद सृजन–15–02/2021(खंड)सा0प्र0 11663/पटना–15, दिनांक 01.10.2021

प्रतिलिपिः–वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना/महानिबंधक, उच्च न्यायालय, पटना को उनके पत्रांक–36693 दिनांक 26.08.2021 के प्रसंग में/सचिव, विधि विभाग, बिहार, पटना/विशेष सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक 01.10.2021 के मद संख्या–06 के प्रसंग में/ संबंधित कोषागार पदाधिकारी एवं आई0टी0 मैनेजर, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सरकार के उप सचिव।

संचिका संख्या–7 / पद सृजन–15–02 / 2021(खंड)

**Statement of Annual Estimated Expenditure Chart after upgradation of the three posts.**

| Sl. No. | Name of the Post | No. of Post | Pay Scale (P.S.) | Average pay/ Basic pay (Upper Limit of P.S. + Lower Limit of P.S.)/2 | Annual Pay (Average Pay x Number of Post x 12) | Dearness Allowance @ 164% | Total Annual Estimated Expenditures |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Joint Registrar (IT) after upgradation of the post of Deputy Registrar (IT) | 1 | 51550-1230-58930-1380-63070 | 57310 | 687720 | 1127861 | 1815581 |
| 2. | Member Secretary, Bihar State Court Management System Committee | 1 | 51550-1230-58930-1380-63070 | 57310 | 687720 | 1127861 | 1815581 |
| 3. | Officer on Special Duty | 1 | 51550-1230-58930-1380-63070 | 57310 | 687720 | 1127861 | 1815581 |
| Total | | | | 171930 | 2063160 | 3383583 | 5446743 |

{Total (in words) : Rupees Fifty Four Lakh, Forty Six Thousand, Seven Hundred and Forty Three Only.}

In addition to above mentioned expenditure other allowances as admissible to the officers of Judicial service from time to time shall also be payable.

(गुफरान अहमद)
सरकार के उप सचिव।

D/DRIVE/SEC-07/VYAY VIVARANI